प्रेषक,

जितेन्द्र मिश्रा
अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश(ई0सी0एक्ट)
कक्ष संख्या–04,मीरजापुर।

सेवा में,

मा0महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वाराः– मा0जनपद न्यायाधीश,
मीरजापुर।

विषयः– शैक्षिक योग्यता में एल0एल0एम0 डिग्री को समायोजित करने व अग्रिम वेतन–वृद्धि के सन्दर्भ में।

महोदय,

सादर निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर सेवा अवधि में मैने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र, हरियाणा से एल0एल0एम0 की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर ली है, जिसका प्रमाण–पत्र व अंक–पत्र प्रार्थी को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से प्राप्त हो चुका है।

महोदय से निवेदन है कि मेरी शैक्षिक योग्यता में एल0एल0एम0 की योग्यता को समायोजित करने हेतु उचित आदेश पारित करने की कृपा करें।

अग्रिम सादर निवेदन है कि उ0प्र0शासन की ओर से जारी शासनादेश संख्या–8/2018/279/दो–4–2018–45(12)/91 टी0सी0 (नियुक्ति अनुभाग–04 से दिनांक 13 अप्रैल 2018 को जारी) के अनुपालन में मुझे अनुमन्य 03 अग्रिम वेतन–वृद्धियॉएल0एल0एम0 की उपधि प्राप्ति की तिथि से वेतन में जोड़े जाने हेतु निर्देशित करने की कृपा करें।

सादर!

भवदीय,
07/02/2023

दिनांक:07.02.2023

(जितेन्द्र मिश्रा)
अपर सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश(ई0सी0एक्ट)
कक्ष संख्या–04,मीरजापुर।
आई.डी.नं.–6300

संलग्नक:

1. कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा जारी एल0एल0एम0 के अंक–पत्र की प्रमाणित छायाप्रति।
2. कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा जारी 'मास्टर्स ऑफ लॉ' के प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति।